## न्यू यार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हेल्थ मेन्टल हायजीन

### ब्रोन्क्स तथा स्टाटेन आइलेन्ड

**मोरिरसानिआ चेस्ट सेंटर** 1309 फाल्टन एवन्यू, रूम 225, ब्रोन्क्स
**फ़ोन** 718-901-6536 / 718-901-6538

**रिचमन्ड चेस्ट सेंटर** 51 स्टुयवेसन्ट प्लेस, रूम 408, स्टाटेन आइलेन्ड
**फ़ोन** 718-983-4525 / 718-983-4526

### ब्रूकलीन

**बेडफ़ोर्ड चेस्ट सेंटर** 485 थ्रूप एवन्यू
**फ़ोन** 718-574-2462 / 718-574-2463

**ब्राउन्सविले चेस्ट सेंटर** 259 बिस्टल स्ट्रीट
**फ़ोन** 718-495-7258 / 718-495-7256

**बुशवीक चेस्ट सेंटर** 335 सेंट्रल एवन्यू
**फ़ोन** 718-573-4886 / 718-573-4889

**फोर्ट ग्रीन चेस्ट सेंटर** 295 फ्लेटबुश एवन्यू एक्सटेन्सन
**फ़ोन** 718-643-4808 / 718-643-2601/3319

### मेनहट्टन

**चाल्सिआ चेस्ट सेंटर** 303 नाइन्थ एवन्यू
**फ़ोन** 212-239-0919 / 212-239-1757

**वॉशिंगटन हाइटस चेस्ट सेंटर** 600 वेस्ट 168 स्ट्रीट, तीसरा मजला
**फ़ोन** 212-368-4500

### क्वीन्स

**करोना चेस्ट सेंटर** 34-33 जंक्शन बुलवर्ड
**फ़ोन** 718-476-7635 / 718-476-7636

**फार रोकअवे चेस्ट सेंटर** 67-10 रोकअवे बीच बुलवड, रूम 201
**फ़ोन** 718-474-2100 / 718-474-2101

| मेरा चेस्ट सेंटर |
|---|
| फ़ोन: |
| पता: |
| समय: |
| अन्य जानकारी: |

### हर महिने जाँच करानी महत्त्वपूर्ण है

**आपको क्लिनिक में इनके लिए आना जरूरी है:**

- ✔ अगले महीने की दवा लेने
- ✔ आपको दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं है यह निश्चित करने
- ✔ आपको कोई प्रश्न पूछने है तो वह पूछने

**न्यूयार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हैल्थ टयूबरक्युलोसिस कंट्रोल प्रोग्राम (क्षय रोग नियंत्रण कार्यश्र्म)**
**टीबी के बारे में अधिक जानकारी के लिए (212) 442-9968 नंबर पर फोन करें**
**या www.nyc.gov/health वेबसाईट देख**

10/02



**New York City Department of Health & Mental Hygiene**
**न्यू यार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हेल्थ (न्यू यार्क शहर स्वास्थ्य विभाग)**
**ब्योरो आफ टयूबरक्युलोसिस कंट्रोल (क्षय रोग नियन्त्रण कार्यालय)**





# टीबी के बारे में आपको क्या जानना आवश्यक है

# टीबी रोग किसी को भी हो सकता है



## टयूबरक्युलोसिस (टीबी) क्या है?

टीबी (क्षय रोग) एक गंभीर बीमारी है जो फेफडों को क्षति पहुँचाती है। ळेकिन टीबी उपचार से रोकी जा सकती है। टीबी का निदान (इलाज) भी हो सकता है।

## टीबी के जीवाणु कैसे फैलते हैं ?

टीबी के कीटाणु हवा के माध्यम से फैलते हैं। यदि आप टीबी रोगी के साथ अधिक समय बिताते हैं, तो साँस के साथ टीबी के कीटाणु आपके अंदर जा सकते हैं। यह तब होता है जब व्यक्ति खाँसता है, छींकता है, बोलता है, अथवा हँसता है।

टीबी के कीटाणु केवल हवा के माध्यम से फैलते है। वे हाथ मिलाने से या टायलेट सीट पर बैठने से नहीं फैलते। टीबी के कीटाणुओं को आपके शरीर में प्रवेश करने के लिए उन्हें आपकी सांस के साथ अंदर जाना चाहिए।

## टीबी के दो प्रकार हैं :

### लेटन्ट टीबी

पहली बार सांस द्वारा शरीर मे टीबी के कीटाणु प्रवेश करने पर, आपका शरीर उनके चारों ओर एक दीवार सी खडी कर उनसे आपकी रक्षा करता है। इससे कीटाणु दब जाते है यानि सुप्तावस्था मे पहुंच जाते हैं। उसे लेटन्ट टीबी या सुप्त टीबी कहते हैं।लेटन्ट टीबी मे कीटाणु लम्बे समय तक जीवनपर्यन्त सोए रहते हैं।सुप्त टीबी होने पर आप बीमारी महसूस नहीं करेंगे और दूसरे लोगों को टीबी नहीं फैला सकते।

### एक्टिव टीबी

लेकिन कई बार टीबी के कीटाणु सकिय हो उठते हैं यानि जाग जाते है जिनसे शरीर आपकी रक्षा नहीं कर सकता। ऐसा होने पर आपको एक्टिव टीबी रोग हो सकता है जिसके कारण आप काफी बिमार हो सकते है, तथा अन्य लोगों में रोग फैला सकते हैं।

### क्रियाशील टीवी वाले लोगों में निम्नलिखित लक्षण पाए जा सकते हैं:

- ✔ तीन सप्ताह या उससे अधिक अवधि तक खाँसी रहना
- ✔ हर समय थकान अनुभव करना
- ✔ वजन घटना
- ✔ रात्रि में पसीना आना
- ✔ बुखार या कंपकपी
- ✔ भूख कम लगना

## क्या टीबी के लिए कोई परीक्षण (टेस्ट) है?

हाँ। क्लिनिक में एक सरल परीक्षण किया जाता है। यदि यह जांच "नेगेटिव" है तो संभवतः आपके शरीर में टीवी कीटाणु नहीं है।

यदि जाँच "पोजिटिव" है तो आपके शरीर में टीवी कीटाणु हैं। यह जानने के लिए कि आपको सुप्त टीवी है या क्रियाशील टीवी आपको छाती के एक्सरे और डाक्टरी जाँच की आवश्यकता होगी।

## क्या मुझे टीबी त्वचा परीक्षण कराना चाहिए?

यह निर्भर करता है। कुछ लोगों को त्वचा परीक्षण कराने की जरूरत नहीं होती। दूसरे लोग जिन्हें टीबी का अधिक खतरा है, उन्हें त्वचा परीक्षण कराना चाहिए।

### आपको त्वचा परीक्षण कराना चाहिए, यदि:

- ✔ आपमें क्रियाशील टीबी के लक्षण है
- ✔ आपने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ लम्वा समय गुजारा है जिसे क्रियाशील टीबी है
- ✔ आप हाल ही में किसी ऐसे देश से संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S) में आए है जहाँ पर टीबी की मात्रा अधिक है
- ✔ आपको लम्वे समय से मधुमेह डायबिटिस या किड्नी की बीमारी हैं
- ✔ आपने किसी नर्सिंग होम या आश्रय स्थान, जेल या दूसरे सामूहिक स्थान पर कार्य किया है अथवा ठहरे हैं
- ✔ आपको एचआइवी / एड्स है

## यदि मुझे बीसीजी का टीका लगा हुआ है, तो?

बीसीजी का टीका प्रायः लोगों की टीबी से रक्षा नहीं करता। आपको फिर भी सुप्त टीबी अथवा क्रियाशील टीबी हो सकती है। भले ही आपने बीसीजी लगवाया हुआ हो तो भी आपको टीबी त्वचा परीक्षण कराने की आवश्यकता है।

# टीबी का इलाज हो सकता है

## क्या क्रियाशील टीबी का इलाज हो सकता है?

हाँ। क्रियाशील टीवी दवाओं से ठीक हो सकता है। यदि आपको क्रियाशील टीबी है तो आपको अपनी दवा कम से कम छः माह तक अवश्य लेनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग डीओटी (प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण चिकित्सा) नामक कार्यक्रम चलाता है। डीओटी आपकी दवाई लेना आसान बना देता है।

## मुझे टीबी की दवा लंबे समय तक लेने की आवश्यकता क्यों है?

क्रियाशील टीबी का एक मात्र निदान, आपकी सभी दवाओं को कम से कम छः माह तक लेना है। धैर्य रखिए। टीबी के कीटाणुओं को मरने में लंबा समय लगता है। भले ही आप कुछ सप्ताह बाद बेहतर महसूस करें परन्तु अपनी दवा लेना जारी रखिए। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपको बेहतर महसूस होना बन्द हो जाएगा। आप और अधिक बीमार भी पड सकते हैं।

## यदि में टीबी की दवा ले रहा हूँ तो भी क्या मैं टीबी के कीटाणु फैला सकता हूँ?

नहीं। उपचार के कुछ सप्ताह बाद अधिकतर लोग टीबी के कीटाणु नहीं फैलाते। आपके डाक्टर आपको वता देंगे कि आपके लिए अपने मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना कब सुरक्षित है। टीबी की दवा लेने के दौरान आप घर पर रह सकते हैं और कार्य पर जा सकते हैं। ळेकिन अपनी दवा लेना बन्द मत कीजिए। यदि आप ऐसा करे तो टीबी के कीटाणु आप पुनः फैलना शुरू कर सकते हैं।

## क्या स्वास्थ्य विभाग टीबी के लिए मेरी सहायता कर सकता है?

हाँ। हमारी 10 क्लिनिक हैं जो बहुत सी टीबी सेवाएं प्रदान करती हैं।

हमारी क्लिनिक पर आपको स्वास्थ्य बीमा की आवश्यकता नहीं है। सभी सेवाएं निशुल्क हैं। आपको इमिग्रेशन के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। कोई उसके (स्टेटस) बारे में नहीं पूछेगा। हमारी क्लिनिक उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करती हैं। हमारे कर्मचारी कई भाषाएं बोल सकते हैं। हम आपके टीबी सम्बंधी प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। हम टीबी रोक सकते हैं।